Demand to operationlise trains in Supaul district

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल):** सभापति महोदय, पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल अंतर्गत ललितग्राम से फारबिसगंज रेल खंड का सीआरएस इंस्पेक्शन दिनांक 11.01.2023 को ही हो चुका है, किन्तु उक्त खंड पर अभी तक रेल परिचालन प्रारंभ नहीं किया गया है। फलस्वरूप, बस मालिकों द्वारा जनता का शोषण हो रहा है। जोगबनी से दानापुर तथा जोगबनी से सहरसा एक्सप्रेस ट्रेन परिचालन के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा टाइम टेबल भी निर्गत किया गया है, किन्तु अभी तक इसका शुभारंभ नहीं हुआ है। साथ ही राजरानी ट्रेन नं. 12567/ 12568 पटना सहरसा का विस्तार सरायगढ़ या सुपौल तक किया जाए अथवा कोई भी मेल एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन सरायगढ़ या सुपौल से पटना तक प्रतिदिन किया जाए। इस संबंध में मैंने माननीय रेल मंत्री जी से कई बार ट्रेन चलाने का आग्रह किया है, किन्तु अभी तक यह नहीं हो पाया है।

आज मैं इस सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उक्त ट्रेनों का परिचालन शीघ्र किया जाए। धन्यवाद।